नईदुनिया संजय चौहान 9406689018

# शक्ति की आराधना की अवधारणा हमारी संस्कृति की प्राचीन विरासत



नेहरू स्टेडियम में विराजित की गई मां दुर्गा की मूर्ति के साथ नेपा मिल के अधिकारी और कर्मचारी। • नईदुनिया

**नईदुनिया न्यूज, नेपानगरः** गुरुवार को नेहरू स्टेडियम में शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा की मूर्ति स्थापित कर घट स्थापना की गई। घरों और पंडालों में नौ दिनों तक पूजा-पाठ होगा। नेपा मिल के सीएमडी राकेश चोखानी ने मंत्रोच्चार के साथ कलश स्थापना व माता का पूजन किया। उन्होंने कहा कि शक्ति की आराधना की अवधारणा हमारी संस्कृति की प्राचीन विरासत है। नवरात्र के पहले दिन उन्होंने मां शैलपुत्री से नेपा मिल की प्रगति और पूरे क्षेत्र को सुख, समृद्धि प्रदान करने की कामना की। मिल के जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि विजयादशमी तक चलने वाले इस पर्व के दौरान स्टेडियम में विविध प्रकार की दुकानें लगाई गई हैं। इसी के साथ प्राचीन शीतला माता मंदिर, भवानी नगर में कालका माता मंदिर, फारेस्ट कालोनी, रामलीला मैदान, बुधवारा बाजार, बीड़ कालोनी, न्यू कालोनी, विट्ठल मंदिर स्थित शारदा माता मंदिर, शिवाजी नगर सहित अन्य स्थानों पर घट स्थापना की गई है।

दैनिक भास्कर

# बुरहानपुर 04-10-2024

### नेहरू स्टेडियम ग्राउंड पर विराजित की गई माताजी की कलश स्थापना

# शक्ति आराधना की अवधारणा हमारी संस्कृति की प्राचीनतम विरासत : सीएमडी

भास्कर संवाददाता | नेपानगर

शारदीय नवरात्रि पर स्टेडियम ग्राउंड पर गणेश व नवदुर्गा उत्सव समिति की ओर से माताजी की कलश स्थापना की गई। नेपा मिल के अध्यक्ष सहप्रबंध निदेशक राकेश कुमार चोखानी ने कहा- शक्ति की आराधना की अवधारणा हमारी संस्कृति की प्राचीनतम विरासत है।

नवरात्रि में कलश स्थापना से लेकर विजयादशमी तक 10 दिवसीय पर्व मनाया जाता है। इस दौरान नेहरू स्टेडियम ग्राउंड पर मेला लगता है। यहां कई दुकानें संचालित होती है। नवरात्रि के दौरान धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाते हैं। इस साल भी यहां मेला लगाया है। बड़ी संख्या में दुकानें सजी है। यहां आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग आते हैं। शारदीय नवरात्रि पर नगर में 10 से अधिक स्थानों पर माताजी की प्रतिमाएं विराजित की गई है। कुछ जगह घट स्थापना भी की गई है। नगर में बुधवारा बाजार, एकता नगर, मनोज टॉकिज क्षेत्र, ई-टाइप, फारेस्ट कॉलोनी, गिट्टी खदान सहित अन्य स्थानों पर सार्वजनिक गणेश उत्सव समितियों द्वारा माताजी की प्रतिमाएं विराजित की गई है। वहीं नगर के कालका माता मंदिर, मातापुर बाजार, शीतला माता मंदिर सहित अन्य स्थानों पर घटस्थापना की गई।



## सुबह से शुरू हुआ पूजन का सिलसिला

शारदीय नवरात्रि पर नगर में सुबह से ही पूजा-अर्चना का दौर शुरू हो गया। जहां घट स्थापना की जाना थी वहां सुबह से पूजा, अर्चना का दौर चला। साथ ही प्रतिमाएं अलग-अलग स्थानों से अपने स्थल पर ले जाई गई। यहां भी पूजा के बाद विधि विधान से प्रतिमा विराजित की गई। नगर के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी उत्साह का माहौल रहा। अंबाड़ा, सारोला, भातखेड़ा, नावरा, डाभियाखेड़ा सहित अन्य गांवों में सार्वजनिक गणेश उत्सव समितियों द्वारा घट स्थापना, प्रतिमाएं विराजित की गई।

सुरक्षा की दृष्टि से इस बार पुलिस ने सभी दुर्गा पंडालों में दो वालेंटियर रखने को कहा है। साथ ही वह जागते रहेंगे। इसके अलावा पंडाल में एक रजिस्टर भी रखा जाएगा। रात में पुलिस पंडालों में जाकर रजिस्टर चेक करेगी। वहीं डीजे पर गणेशोत्सव की तरह दुर्गा उत्सव पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। केवल दो स्पीकर की ही अनुमति रहेगी। पुलिस ने अस्थायी रूप से दुर्गा पंडालों में सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाने की भी अपील की है, ताकि हर गतिविधि पर नजर रखी जा सके। नगर में पुलिस की ओर से नगर सुरक्षा, शांति समिति सदस्यों की बैठकें पहले ही आयोजित की गई थी। वहीं नवदुर्गा उत्सव पर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता की गई है। जगह-जगह पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है। एसपी देवेंद्र कुमार पटीदार ने बुधवार को नेपानगर का विजिट भी किया था। नगर में 10 दिनों तक जगह-जगह गरबों का आयोजन भी होगा। यहां भी पुलिस बल तैनात रहेगा।

# नेपा लिमिटेड के सीएमडी राकेश कुमार चोखानी ने कलश स्थापना और माता की पूजा पाठ के साथ सभी को नवरात्रि महोत्सव की दी शुभकामनाए



**नेपानगर ■ ध्रुव वाणी।**

श्री गणेश एवं नवदुर्गा उत्सव समिति, नेपानगर के तत्वावधान में स्थानीय पंडित जवाहरलाल नेहरू क्रिकेट स्टेडियम पर नेपा लिमिटेड के सीएमडी राकेश कुमार चोखानी ने कलश स्थापना एवं माता की पूजा पाठ के साथ सभी को नवरात्रि महोत्सव की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि शक्ति-आराधना की अवधारणा हमारी संस्कृति की प्राचीनतम विरासत है। नवरात्रि के पहले दिन उन्होंने मां शैलपुत्री से नेपा मिल की प्रगति तथा इस पूरे क्षेत्र को सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की हैं। ज्ञातव्य हो कि, नेपानगर के नवरात्रि मेले में कलश स्थापना से लेकर विजयादशमी तक चलने वाले इस 10 दिवसीय पर्व हेतु भिन्न भिन्न प्रकार की दुकानें सज गई है। नवरात्रि मेले के दौरान यहां पर विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

# नेपा मिल सीएमडी ने की कलश के साथ माताजी की स्थापना

**नेपानगर.** श्री गणेश, नवदुर्गा उत्सव समिति नेपानगर के तत्वावधान में स्थानीय नेहरू क्रिकेट स्टेडियम पर नेपा लिमिटेड के सीएमडी राकेश कुमार चोखानी ने कलश स्थापना, माता की पूजा पाठ के साथ सभी को नवरात्रि महोत्सव की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि शक्ति आराधना की अवधारणा हमारी संस्कृति की प्राचीनतम विरासत है।



नवरात्रि के पहले दिन उन्होंने मां शैलपुत्री से नेपा मिल की प्रगति, पूरे क्षेत्र को सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की है। ज्ञातव्य हो कि नेपानगर के नवरात्रि मेले में कलश स्थापना से लेकर विजयादशमी तक चलने वाले इस 10 दिवसीय पर्व के लिए भिन्न भिन्न प्रकार की दुकानें सज गई है। नवरात्रि मेले के दौरान यहां पर विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

04/10/2024 | burahanpur | Page : 4
Source : https://epaper.patrika.com/